फा. सं. मु.–गो.1108/2/2022-गो1/1 (ई-3375)
कर्मचारी चयन आयोग
(गोपनीय-1/1 अनुभाग)
****

विषय: भारतीय मौसम विज्ञान विभाग में वैज्ञानिक सहायक परीक्षा, 2022 के अंतिम परिणाम के घोषणा के संबंध में।

कर्मचारी चयन आयोग ने दिनांक 14.12.2022 से 16.12.2022 तक भारतीय मौसम विज्ञान विभाग में वैज्ञानिक सहायक परीक्षा, 2022 का आयोजन किया था।

2. उक्त परीक्षा के शुद्धिपत्र सं.मु-नी. एवं यो.I01/08/2022-नी.यो-1 दिनांक 07.02.2023 के अनुसार, आयोग उपलब्ध रिक्तियों के लिए दस्तावेज़ सत्यापन के आयोजन से पहले परीक्षा के अंतिम परिणाम की घोषणा करेगा। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग शॉर्टलिस्ट किए गए अभ्यर्थियों का दस्तावेज़ सत्यापन करेगा।

3. जैसा कि कंप्यूटर आधारित परीक्षा का आयोजन विभिन्न पालियों में किया गया था, इसलिए, परीक्षा-विज्ञप्ति के पैरा 12.6 के अनुसार, अभ्यर्थियों द्वारा प्राप्त अंकों का सामान्यीकरण आयोग द्वारा अपने वेबसाईट पर प्रकाशित नोटिस सं. 1-1/2018-नी. एवं यो.-I दिनांक 07-02-2019 के सूत्र के तहत किया गया हैं और इस प्रकार से सामान्यीकृत अंकों का उपयोग अंतिम मेरिट एवं कट-ऑफ अंक निर्धारित करने के लिए किया गया है।

4. भारतीय मौसम विज्ञान विभाग में वैज्ञानिक सहायक पद के लिए अनंतिम रूप से शॉर्टलिस्ट किए गए 995 अभ्यर्थियों का श्रेणी-वार विवरण नीचे दिया गया है:

श्रेणी	**अजा**	**अजजा**	**अपिव**	**आकव**	**अना**	**कुल**	**अदि**
रिक्तियाँ	144	68	262	177	344	995	40
संस्तुत अभ्यर्थी	144	68	262	177	344*	995	40

* इसमें अनंतिम रूप से अना. मानक में अर्हताप्राप्त करने वाले 03 अजा, 01 अजजा, 94 अपिव और 57 आकव अभ्यर्थी शामिल हैं।
अदि श्रेणी : 04 अजा., 19 अपिव और 17 अना. अभ्यर्थी.

5. भारतीय मौसम विज्ञान विभाग में वैज्ञानिक सहायक पद के लिए अनंतिम रूप से चयनित अभ्यर्थियों का श्रेणीवार विवरण, अंतिम चयनित अभ्यर्थी के प्राप्तांकों और जन्म तिथि (डीओबी) के साथ नीचे दिया गया है:

श्रेणी	**रिक्तयां**	**भरी गई**	**अंतिम शॉर्टलिस्ट किए गए अभ्यर्थी का विवरण**			
			कुल अंक	**पेपर-II में अंक**	**पेपर-I में अंक**	**जन्म तिथि (दिदि-मामा-वव)**
आकव	177	177	136.40544	43.50	78.75	18-नवंबर-94
अजा.	144	144	126.45951	35.25	70.50	24-जनवरी-03
अजजा.	68	68	119.64404	49.25	66.00	30-मार्च-93
अपिव.	262	262	138.61206	51.25	66.50	15-जुलाई-01
अना.	344	344	146.21478	55.25	71.25	31-जनवरी-98
अ.दि.	40	40	103.16691	27.75	59.75	20-दिसंबर-91

नोट-1: क्षैतिज रिक्तियों के लिए चयनित अभ्यर्थियों को उनकी संबंधित उध्र्वाधर श्रेणियों में भी दर्शाया गया है।

नोट-2: जिन पदों और श्रेणियों के लिए रिक्तियां "शून्य" रिपोर्ट की गई हैं, उनसे संबंधित पंक्तियों को तालिका में शामिल नहीं किया गया है ।

6. परीक्षा के शुद्धिपत्र सं. मु-नी. एवं यो.I01/08/2022-नी.यो-1 दिनांक 07.02.2023 के अनुसार, एक आरक्षित पैनल/अभ्यर्थियों की अतिरिक्त श्रेणीवार सूची भी तैयार की गई है (आईएमडी के साथ एक सीलबंद प्रारूप में साझा की जा रही है)

और चयन सूची में नामों को शून्य करने के बाद ही आईएमडी द्वारा बनाए रखा और संचालित किया जाएगा। "रिज़र्व पैनल" परिणाम की घोषणा की तारीख से डेढ़ साल की अवधि के लिए मान्य होगा।

7. बराबरी (टाई) के मामलों का निपटाराः उन मामलों में जहाँ एक से अधिक अभ्यर्थी कंप्यूटर आधारित परीक्षा में कुल अंक एक समान प्राप्त करते हैं, तो बराबरी (टाई) का निपटारा एक के बाद दूसरे निम्नलिखित तरीकों को अपनाते हुए किया जाएगाः-

i. पेपर-II में कुल अंक ।
ii. पेपर-I में कुल अंक ।
iii. जन्म तिथि देखकर, अधिक आयु के अभ्यर्थी को ऊपर रखा जाता है ।
iv. नामों के वर्णानुक्रम को देखकर ।

8. एक अभ्यर्थी जिसका रोल नंबर 3206108387 है, को आयोग द्वारा संचालित परीक्षाओं में शामिल होने से वारित कर दिया गया है, इसलिए अभ्यर्थी का परिणाम तैयार नहीं किया गया है।

9. एक अभ्यर्थी जिसका रोल नंबर 8001100523 है उसका अंतिम परिणाम न्यायालयी आदेश के कारण रोक कर रखा गया है ।

10. यदि परीक्षा के अंतिम परिणाम में कट-ऑफ अंक से अधिक अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी को किसी भी कारण से शॉर्टलिस्ट नहीं किया गया है, तो उसे अंतिम परिणाम की घोषणा के दो महीने के भीतर आयोग के संबंधित क्षेत्रीय / उप-क्षेत्रीय कार्यालय में अभ्यावेदन अवश्य करना चाहिए ।

11. परीक्षा के अंतिम परिणाम की घोषणा के बाद, शार्टलिस्ट किए गए अभ्यर्थियों के संबंध में भारतीय मौसम विज्ञान विभाग द्वारा दस्तावेज़ सत्यापन और नियुक्ति संबंधी औपचारिकताओं की आगे की प्रक्रिया की जाएगी। यदि किसी अभ्यर्थी को अंतिम परिणाम घोषित होने के एक वर्ष की अवधि के भीतर भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से कोई पत्र प्राप्त नहीं होता है, तो उसे इस अवधि के तत्काल बाद विभाग से संपर्क करना चाहिए। इसके अतिरिक्त, आयोग किसी भी परिस्थिति में शॉर्टलिस्ट किए गए अभ्यर्थियों से प्राप्त दस्तावेज़ सत्यापन/नियुक्ति औपचारिकताओं से संबंधित किसी भी पत्राचार पर कार्रवाई नहीं करेगा।

12. अनंतिम उत्तर कुंजियों के संबंध में अभ्यर्थियों से प्राप्त अभ्यावेदनों की सावधानीपूर्वक जांच की गई है और उत्तर कुंजियों को जहां भी आवश्यक हो संशोधित किया गया है। अंतिम उत्तर कुंजियों का उपयोग सीबीई के परिणाम तैयार करने के लिए किया गया है। अंतिम उत्तर कुंजी आयोग की वेबसाइट पर 07.03.2023 से 21.03.2023 तक अपलोड की जाएगी।

13. अर्हता प्राप्त और गैर-अर्हता प्राप्त अभ्यर्थियों के अंक आयोग की वेबसाइट पर दिनांक 07.03.2023 को अपलोड किए जाएंगे। यह सुविधा दिनांक 07.03.2023 से 21.03.2023 तक उपलब्ध रहेगी । अभ्यर्थी अपनी पंजीकृत आईडी और पासवर्ड का प्रयोग करके अपने अंक देख सकते हैं।

अवर सचिव (गोपनीय- 1/1)
17.02.2023